प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 रविवार दिनांक 06.04.2025

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को दी स्वीकृति—संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा की—कहा कि अगले वर्ष इकतीस मार्च से पहले छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से समाप्त हो जाएगा नक्सलवाद।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में अक्षय ऊर्जा से जुड़े पचास करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

<u>राष्ट्रपति—वक्फ संशोधन विधेयक</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक—दो हजार पच्चीस को भी स्वीकृति दी है।

इस नए कानून के माध्यम से केंद्र सरकार का उद्देश्य देश में वक्फ संपत्ति प्रबंधन के शासन, पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण सुधार लाना है। मुकदमेबाजी और न्यायिक निगरानी की कमी जैसे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को संशोधित करके यह नया कानून एक जवाबदेह ढांचा बनाने का प्रयास करता है। प्रमुख बदलावों में वक्फ के गठन को फिर से परिभाषित करना, सर्वेक्षण और पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार करना, सरकारी निगरानी को सशक्त बनाना, वक्फ से संबंधित निकायों में गैर मुस्लिम सदस्यों और महिलाओं को शामिल करके समावेशीता सुनिश्चित करना शामिल है। ये नया कानून देश में वक्फ संपत्ति प्रबंधन को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय गृहमंत्री–वामपंथी उग्रवाद–बैठक

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले वर्ष इकतीस मार्च से पहले छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। केन्द्रीय गृहमंत्री ने राजधानी रायपुर में कल वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकारी योजनाएं जन–जन तक पहुंचाने के लिए बनाई गई 'नियद नेल्लानार' को सुरक्षा बलों के शिविरों के पांच किलोमीटर के दायरे से बढ़ाकर दस किलोमीटर करने को कहा।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप–मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ गृह मंत्रालय, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में अक्षय ऊर्जा से जुड़े पचास करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके तहत रायपुर में उनतीस लाख की लागत से सौर ऊर्जा संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन, सामान्य ई रिक्शा को सोलर ई रिक्शा में परिवर्तित करने तथा नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत स्थापित चौव्वन सोलर हाई मास्ट, एक सौ बावन सोलर ड्यूल पंप और दो सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण किया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बिलासपुर, राजनांदगांव और जगदलपुर के ऊर्जा शिक्षा उद्यानों में सौर ऊर्जा से संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापना कार्य, प्रदेश के समस्त ऊर्जा शिक्षा उद्यानों को नेट जीरो करने, ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव के जीणोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया।

क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा ने बताया कि सौर संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन क्रेडा द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बैटरी ऑपरेटेड इलेक्ट्रिक रिक्शा के लिए विकसित किया गया है। बैटरी स्वैपिंग के मदद से ई–रिक्शा चालक कम समय में सस्ते दर पर डिस्चार्ज बैटरी को चार्ज बैटरी से बदल सकते हैं।

रामनवमी

रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्रीराम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं।

रामनवमी के मौके पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित राम मंदिरों में भगवान श्रीराम की पूजा–अर्चना की जा रही है। अनेक स्थानों पर आज शोभायात्राएं भी निकाली जा रही हैं। राजधानी रायपुर के दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामनवमी के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर में वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना की।

इस बीच, नवरात्रि पर्व के नौवें दिन आज विभिन्न देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर कई जगह हवन, कन्या भोजन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। साथ ही बाजे–गाजे और जसगीत के साथ जोत और जंवारा विसर्जन भी किया जा रहा है।

भाजपा–स्थापना दिवस

आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके कड़े परिश्रम, संघर्ष और पार्टी को खड़ा करने के लिए किए गए त्याग के लिए धन्यवाद दिया। श्री नड्डा ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भाजपा को राष्ट्रव्यापी बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने रायपुर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी का ध्वज फहराया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन भी किया। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर में पार्टी का ध्वज फहराया।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई भाजपा के स्थापना दिवस और भारतरत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज से चौदह अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने आज भाजपा के स्थापना दिवस पर बूथ, कार्यालयों और घरों में पार्टी का झंडा फहराया। आठ और नौ अप्रैल को सभी मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन रखा जाएगा। वहीं दस और ग्यारह अप्रैल को ग्राम, बस्ती और बूथों पर घर–घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की विकास यात्रा के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

<u>बीजापुर–विद्युतीकरण योजना</u>

बीजापुर जिले के अति सुदूर गांव तिमेनार में मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत आजादी के सतहत्तर वर्षों बाद पहली बार बिजली पहुंची है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि माओवादी आतंक के अंधकार को चीरकर विकास, अमन और शांति के नए सबेरे की ओर कदम बढ़ाने का प्रतीक है। पेश है हमारे बीजापुर संवाददाता की

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका पूर्वी बिहार से छत्तीसगढ होते हुए पूर्वी विदर्भ तक विस्तारित है। साथ ही एक द्रोणिका मराठवाड़ा से उत्तर तमिलनाडु तक बनी हुई है। वहीं, एक चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की सम्भावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि आठ अप्रैल से प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने की सम्भावना है।

<><><><><><>